सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ रविवार ♦ 15 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 915

श्रीडूंगरगढ़ की बेटी पूजा देवी बनी रामदेवरा की सरपंच, पीहर पहुंचने पर मेघवाल समाज ने किया स्वागत-अभिनंदन





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 15 नवंबर 2026। बीदासर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामदेवरा की नवनिर्वाचित सरपंच पूजा देवी कताला शनिवार को सरपंच प्रतिनिधि श्रवण पटवारी के साथ श्रीडूंगरगढ़ के अम्बेडकर कॉलोनी, कालूबास स्थित अपने पीहर एवं पूर्व पार्षद मंगतूराम मेघवाल के निवास पर पहुंचीं। इस दौरान मेघवाल समाज एवं मोहल्लेवासियों ने अपनी बेटी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। समाज के लोगों ने पूजा देवी को सरपंच पद की नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आपसी स्नेह और एक जुटता के साथ उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मंगतूराम मेघवाल, पूर्व पार्षद हीरालाल मेघवाल, सरपंच के पिता भंवरलाल कताला, पोकरलाल मेघवाल, नानूराम मेघवाल, जगदीश मेघवाल, भंवरलाल जयपाल, ईश्वरराम मेघवाल, चेतन मेघवाल, पूर्व तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी श्रीडूंगरगढ़ संदीप भारतीय, सुनील आजाद, राकेश मेघवाल एवं मुनीराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा, महिलाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सरपंच जीत कर 500 किलामीटर दूर आए बिग्गा-दादा के दर्शन करनें





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 15 नवम्बर 2026। क्षेत्र के गांव बिग्गा की रोही में स्थित वीर बिग्गाजी के धड़देवली धाम भव्य मंदिर में जाखड़ वंश के लोग देश भर से लगातार आते है। हाल ही में हुए सरपंच चुनावों में बाड़मेर स्थित ग्राम पंचायत जाखड़ों की ढाणी सनावड़ा से सरपंच जीत कर खियांराम जाखड़ ने अपने कुल-देवता बिग्गा-दादा को धोक लगाने के लिए 500 किलोमीटर का सफर तय किया। खियांराम जाखड़ के वीर बिग्गाजी को धोक लगाने पर श्री वीर बिग्गाजी मानव सेवा संस्थान द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच श्रवणराम जाखड़, गोपालराम गोदारा, मांगीलाल जाखड़, हीराराम जाखड़, मोहनराम जाखड़, बजरंग जाखड़ आदि ने उन्हें वीर बिग्गाजी की तस्वीर प्रदान की एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।



भारती निकेतन स्कूल में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, किया कविता पाठ





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 15 नवम्बर 2026। बाल दिवस के अवसर पर कस्बे के भारती निकेतन स्कूल में शनिवार को विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता वाचन, युगल गायन, एकल गायन एवं सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सत्यनारा यण स्वामी, सीईओ मनमोहन भारतीय एवं गिरधर स्वामी की उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ। कविता वाचन प्रतियोगिता में डॉ. आनंद नारायण पुरोहित, अशोक जी शास्त्री एवं ओमप्रकाश स्वामी ने निर्णायक के रूप में मौजूद रहे। कविता वाचन में सुमन चौधरी एवं तमन्ना पारीक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भव्या भोजक द्वितीय तथा बसंत खाती एवं प्रियांशी दानोदिया तृतीय स्थान पर रहे। वहीं मानसी राजपुरोहित, रेखा पांडिया, झोपिका सिंह एवं भावना चौधरी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में हंसराज शर्मा, अनिल शर्मा, सांवरमल शर्मा एवं कुलदीप पारीक सहित अन्य विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सीमा भोजक, ज्योति शर्मा एवं शिवानी सिद्ध ने किया।

जयपुर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम, बच्चों ने लिया उत्सव का आनंद





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। कस्बे के जयपुर पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय में खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने रस्सा कस्सी, क्रिकेट, कबड्डी और खो-खो सहित अनेक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विद्यालय परिसर बच्चो के उत्साह से भरा रहा। विद्यालय संचालक कुंभाराम घिंटाला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चाचा नेहरू के जीवन प्रसंगों और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं विद्यालय की एमडी चंद्रमुखी घिंटाला ने बच्चों को स्वयं की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। खेलकूद और जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के साथ विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

देराजसर में भाजपा कार्यकर्ताओं व नवनिर्वाचित सरपंचो का हुआ सम्मान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। पंचायत चुनावों के बाद शनिवार को देराजसर गांव के भादू कृषि फार्म पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि हड़मानाराम भादू के फार्म पर हुए कार्यक्रम में विधायक ताराचंद सारस्वत एवं विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के चेयरमैन रामगोपाल सुथार मौजूद रहे। इस दौरान सरपंचों एवं सरपंच प्रतिनिधियों का साफा और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। विधायक सारस्वत ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य करवाने की बात कही। रामगोपाल सुथार ने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं को गांव-ढाणी तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर टेऊ सरपंच टीकूराम नाहर, सूडसर सरपंच कोड़ाराम भादू, दुलचासर सरपंच खेताराम महिया, सेरूणा सरपंच प्रेम भादू, जोधासर सरपंच अजीत सिंह, कोटासर सरपंच प्रतिनिधि राजूराम सारण एवं गोपालसर सरपंच प्रतिनिधि रामरतन बुड़िया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन नारायण कालाणी, पूर्व चेयरमैन शिव स्वामी, रामेश्वरलाल पारीक एवं मानमल शर्मा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंभनाथ सिद्ध, किशनलाल गोदारा, धूड़ाराम डेलू, बजरंगलाल सारस्वा एवं मांगीलाल गोदारा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धीरदेसर चोटियान में हीरा देवी ने संभाला सरपंच पद का कार्यभार, ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। ग्राम पंचायत धीरदेसर चोटियान में शनिवार को नवनिर्वाचित सरपंच हीरा देवी पत्नी सीताराम पड़िहार ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव के गणमान्यजनों एवं ग्रामीणों ने उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एडवोकेट श्यामसुन्दर आर्य, पूर्व सरपंच बजरंग लाल चोटिया, तिलोक पड़िहार, पूर्व सरपंच रामचंद्र चोटिया, उपसरपंच आदु सिंह राठौड़, सांवरमल सहू, चुनीलाल बरोटिया, बजरंग लाल सुथार, विजेंद्र सिंह, मोटाराम, श्यामसुन्दर गलडवा एवं महेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। हीरा देवी ने सभी का आभार जताते हुए ग्रामीणों के हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प दोहराया।

विधायक सेवा केंद्र में पुंदलसर की युवा सरपंच विद्या कंवर का अभिनंदन, विधायक ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ विधायक सेवा केंद्र में शनिवार को ग्राम पंचायत पून्दलसर की नवनिर्वाचित सरपंच विद्या कंवर का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक ताराचंद सारस्वत ने उन्हें मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच के साथ आए ग्रामीणों से विधायक सारस्वत ने ग्रामीण विकास, जनहित और क्षेत्र की विभिन्न जनस मस्याओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। भाजपा सोशल मीडिया जिला सह संयोजक तेजपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि विधायक सारस्वत ने विश्वास जताया कि विद्या कंवर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पुंदलसर विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

महिलाओं, नवविवाहिताओं, दिव्यांगजनों सहित वंचित वर्गों के मतदाता पंजीकरण पर रहेगा विशेष फोकस

बीकानेर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR-2027) के तहत जिले में पात्र मतदाताओं के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष क्लस्टर कैंप आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित महिलाओं, नवविवाहिताओं, दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, बेघर व्यक्तियों तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी व सीईओ जिला परिषद श्रीमती शैलजा पांडे ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार इस संबंध में संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक समन्वय के साथ अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान का उद्देश्य 'कोई भी पात्र मतदाता न छूटे' की संकल्पना को साकार करना तथा मतदाता सूची में समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्रीमती पांडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 नवंबर को दिव्यांगजनों (PwDs) के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहयोग करेंगे।

कैंपों का आयोजन विशेष विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों तथा दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत सीएसओ, एनजीओ एवं पंचायत राज संस्थानों के माध्यम से किया जाएगा। इसी प्रकार ट्रांसजेंडर एवं बेघर व्यक्तियों के लिए 5 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के निवास स्थलों तथा बेघर व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों, श्रम कॉलोनियों एवं अन्य स्थानों पर सर्वे कर पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया जाएगा। वहीं, 6 दिसंबर को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG), विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजातियों के लिए ईआरओ द्वारा चिह्नित स्थानों पर कैंप आयोजित होंगे। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि महिलाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण तथा मतदाता सूची में लिंगानुपात बढ़ाने के उद्देश्य से 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक प्रत्येक बुधवार को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष क्लस्टर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनमें ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम एवं नगरपालिकाओं के प्रतिनिधि तथा बीएलओ सहयोग करेंगे। श्रीमती पांडे ने बताया कि कैंपों में 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पात्र एवं अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों की पहचान (Flagging) कर उनका अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में ईआरओ, डी-एईआरओ तथा बीएलओ और सुपरवाइजर के सहयोग से इन कैंपों का आयोजन किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को कैंपों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक पात्र नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलेगा लोकतांत्रिक प्रक्रिया समझने का अवसर, 23 दिसंबर तक चलेगा आयोजन

बीकानेर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब (Electoral Literacy Clubs-ELCs) के माध्यम से निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, शुद्ध मतदाता सूचियों तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीमती शैलजा पांडे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के परिणाम एवं प्रमाण पत्र जारी करने के बाद अनुपालना रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि निबंध प्रतियोगिता के लिए 'शुद्ध मतदाता सूची की महत्ता' तथा 'मतदान का महत्व' विषय निर्धारित किए गए हैं। इसमें महाविद्यालय स्तर के प्रतिभागियों के लिए 800 से 1200 शब्द तथा विद्यालय स्तर के प्रतिभागियों के लिए 500 से 800 शब्दों की सीमा निर्धारित की गई है। निबंध प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी। इसी प्रकार 30 अंकों की क्विज प्रतियोगिता में निर्वाचन नामावली की तैयारी, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया से संबंधित 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रश्नावली का उपयोग किया जाएगा। दोनों प्रतियोगिताएं अंग्रेजी, हिंदी अथवा स्थानीय भाषा में आयोजित की जा सकेंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण में 16 से 23 नवंबर तक शैक्षणिक संस्थान स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद 8 से 12 दिसंबर तक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर तथा 14 से 18 दिसंबर तक जिला स्तर पर अंतिम चरण की प्रतियोगिताएं होंगी। परिणामों की घोषणा एवं प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया 19 से 22 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। संबंधित ईआरओ द्वारा 23 दिसंबर तक अनुपालना रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी। प्रत्येक स्तर पर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाएगा।

संस्थान स्तर पर श्रेष्ठ दो विद्यार्थियों, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों (5 विद्यालय एवं 5 महाविद्यालय) तथा जिला स्तर पर श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों (5 विद्यालय एवं 5 महाविद्यालय) का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उन्हीं विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी पात्र होंगे, जहां निर्वाचन साक्षरता क्लब के लिए ईएलसी-ईसी/कार्य समिति का गठन किया गया है। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत निबंध एवं क्विज प्रविष्टियां मौलिक होनी चाहिए। कॉपी की गई, प्लेगराइज्ड अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से तैयार प्रविष्टियां मान्य नहीं होंगी। 18 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों की प्रविष्टियों एवं विवरण के सोशल मीडिया पर उपयोग के लिए अभिभावक की अनुमति भी आवश्यक होगी। निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन विषयवस्तु एवं प्रासंगिकता के लिए 40 अंक, मौलिक विचारों के लिए 20 अंक, भाषा एवं अभिव्यक्ति के लिए 20 अंक तथा संरचना एवं प्रस्तुतीकरण के लिए 20 अंकों के आधार पर किया जाएगा। क्विज प्रतियोगिता में प्राप्त अंकों एवं रैंकिंग के आधार पर चयन होगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन विभाग एवं ईएलसी स्टेकहोल्डर विभागों के साथ समन्वय किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय ने संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में प्रतियोगिताएं आयोजित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

22 साल का युवा हुआ हादसे का शिकार, करंट ने ले ली जान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 15 नवम्बर 2026। शनिवार सुबह सुबह एक दुःखद खबर क्षेत्र के गांव रीडी से आई। जहां पर शुक्रवार रात एक 22 वर्षीय युवा किसान बिजली हादसे का शिकार बन कर अपनी जान गंवा बैठा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीडी निवासी खेताराम पुत्र रूघाराम जाट अपने पैतृक खेत में कृषि कार्य कर रहा था एवं इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे लेकर श्रीडूंगरगढ़ चिकित्सालय पहुंचें, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शनिवार सुबह सरपंच हेतराम जाखड़ भी मौके पर पहुंचें एवं परिजनों को ढांढस बंधवाया। जानकारी मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची एवं शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। श्रीडूंगरगढ़ थाने के एसआई मोहनलाल ने बताया कि इस संबंध में मृतक के ताऊ के बेटे भाई शिवदयाल जाट ने मर्ग दर्ज करवाई है।

राज्यपाल ने हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण के कार्यक्रम में की शिरकत

जयपुर/अलवर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को टेल्को सर्किल स्थित हरीश हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवित शुभारम्भ किया। राज्यपाल श्री बागडे ने चिकित्सा शिक्षा के अनुसंधानों एवं नवीन आयामों के लिए आयोजित हैरीकॉन-2026 के तीसरे संस्करण के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में केवल क्लिनिकल दक्षता के साथ बल्कि नवीन शोधों की आवश्यकता है। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्रा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का है, इससे मरीजों के उपचार में काफी सुगमता हो रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पद्धति में मशीनें सहायक सिद्ध तो हो सकती हैं लेकिन चिकित्सकों का स्थान नहीं ले सकती, क्योंकि मानवीय संवेदनाएं एवं भावनाएं चिकित्सकीय परामर्श में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि एक अच्छे चिकित्सक के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ मरीज के साथ संवेदनशील रहकर समुचित उपचार किया जाना चाहिए। इससे चिकित्सा व्यवस्था की बेहतरी के साथ-साथ मरीज का चिकित्सा व्यवस्था व चिकित्सक में विश्वास प्रगाढ़ होता है। उन्होंने कहा कि रोगों से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए, जिसमें योग एवं हमारी परम्परागत भोजन पद्धति को शामिल किया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पुरातन भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सभी जिलों में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति का फीडबैक लेने के साथ टीबी मुक्त व नशा मुक्त राजस्थान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है।

दिल्ली के 600 छोटे उद्यम ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े - सिरसा

दिल्ली में लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की पहल पर चलाये जा रहे अभियान के तहत अब तक 450 प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। श्री सिरसा ने शनिवार को दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के प्रमुख कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बवाना या संगम विहार में एक कमरे से कारोबार चलाने वाले व्यक्ति को भी बाजार, ऋण और व्यावसायिक मार्गदर्शन के वही अवसर मिलने चाहिए, जो बड़ी कंपनियों को उपलब्ध हैं। सरकार का प्रयास है कि ये सुविधाएं छोटे उद्यमियों तक उनके कार्यस्थल पर पहुंचायी जाये। इसका उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें कारोबार के विस्तार और नये बाजारों से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से 19931 उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि दिल्ली के 600 उद्यमों को विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। केंद्र सरकार की राइजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएमपी) योजना के तहत 25 जून से 13 नवंबर के बीच दिल्ली के 28 स्थानों पर ये कार्यशालाएं आयोजित की गयी। इनमें बवाना, नरेला, ओखला, मुंडका, नांगलोई, जहांगीरपुरी और संगम विहार सहित विभिन्न औद्योगिक एवं रिहायशी क्षेत्र शामिल हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में 3,906 महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के प्रतिभागी शामिल रहे। इसके अलावा अनुसूचित जाति वर्ग के उद्यमों से 2,191, अनुसूचित जनजाति वर्ग से 273 और दिव्यांगजनों द्वारा संचालित उद्यमों से 334 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया। कार्यशालाओं में उद्यमियों को वित्तीय प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रशासनिक मानकों, महिला उद्यमिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री जैसे विषयों की जानकारी दी जा रही है। ई-कॉमर्स से जोड़ने की पहल के तहत अब तक 244 उद्यमों को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स, 17 को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), 44 को फ्लिपकार्ट और 10 को अमेजन से जोड़ा गया है। इसके अलावा 285 उद्यम मीशो, जियोमार्ट, इंस्टामार्ट और ब्लिंकिट जैसे निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। कार्यशालाओं के दौरान उद्यमियों ने ऋण योजनाओं की सीमित जानकारी, औपचारिक वित्तीय सहायता प्राप्त करने में कठिनाई, स्थानीय बाजारों पर निर्भरता और लाइसेंस एवं प्रमाणन जैसी नियामकीय प्रक्रियाओं में मार्गदर्शन की कमी से जुड़ी समस्याएं भी उठायी। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए प्रशिक्षण में वित्तीय अनुशासन, लेखा-जोखा, नये बाजारों तक पहुंच और केंद्र एवं दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। श्री सिरसा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिल्ली में ऐसा अनुकूल व्यावसायिक वातावरण तैयार करना है, जहां घर से कारोबार करने वाले उद्यमी भी देशभर के बाजारों तक पहुंच सकें। छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमों का सशक्तीकरण दिल्ली को निवेश और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।



बाल दिवस पर बच्चों ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर दिया यातायात नियमों की पालना का संदेश

जयपुर। बाल दिवस एवं 15 नवंबर को राज्य सड़क सुरक्षा दिवस तथा विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मरण दिवस के उपलक्ष्य में यातायात पुलिस जयपुर और एक निजी विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भगवान दास रोड एवं आसपास सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न संदेशों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की पालना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस कमिश्नर श्री सचिन मित्तल, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रशासन एवं यातायात) श्री प्रदीप मोहन, पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री प्रवीण नायक नूनावत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल दिवस के अवसर पर बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों को स्मरण कर आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने का संदेश दिया। बच्चों ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपने संदेशों के माध्यम से बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है तथा थोड़ी सी सावधानी कई अनमोल जीवन बचा सकती है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, यातायात दक्षिण श्रीमती सुनीता मीणा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों की पालना कर स्वयं के साथ दूसरों का जीवन भी सुरक्षित रखा जा सकता है।



भारतीय अंडर-19 टीम ने नौंवीं बार जीता एशिया कप

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी (80), आर्यवीर सहवाग (58), मोहित उल्वा (नाबाद 49) और मनल चौहान (47) की शानदार पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को शनिवार को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर एशियन क्रिकेट काउंसिल अंडर-19 एशिया कप का खिताब नौंवीं बार अपने नाम किया। मुकाबले में पिछड़ चुकी भारतीय टीम को मोहित उल्वा और मनल चौहान की जोड़ी ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर वापसी कराई और पाकिस्तान को एक विकेट से शिकस्त दी। मनल चौहान के आउट होने के बाद एक बार भारतीय उम्मीद को झटका लगा था लेकिन आखिरी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे चिगुरपति वेंकटा ने नाबाद 11 रनों की पारी खेल कर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहित उल्वा ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 49 रन की मैच विजयी पारी खेली। 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम के लिए कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 18वें ओवर में निकाब शरीफ ने आर्यवीर सहवाग (58) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वीके विनीत ने लक्ष्य रायचंदानी के साथ दूसरे विकेट लिए 51 रन जोड़े। 27वें ओवर में रिजवानउल्लाह ने विनीत (24) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाती नजर आयी। इसी दौरान 37वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे रायचंदानी (80) को अली रजा ने आउट कर भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका दिया। अर्जुन राजपूत (16), यशबर्धन चौहान (नौ), अन्वय द्रविड (19), आर्यन सवसानी (नौ), काव्य परेश पटेल आठ रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद मनल चौहान और मोहित उल्वा के साथ नौवें विकेट लिए 57 रनों की साझेदारी कर भारत की मैच में वापसी करा दी। इसी दौरान 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर निकाब शरीफ ने मनल चौहान को आउट कर दिया। मनल चौहान ने 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसके बाद चिगुरपति वेंकटा ने उल्वा के साथ मिलकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 339 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से रिज़वानउल्लाह ने तीन विकेट लिये। निकाब शरीफ को दो विकेट मिले। अली रजा , मोहम्मद सय्याम और हसनैन अब्बास दार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले उस्मान ख्वाजा (107) और अब्दुल कादिर (80) और कप्तान फरहान यूसफ (63) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने भारत को जीत के लिए 338 रनों का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उस्मान खान और हयाम खान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। नौवें ओवर में काव्य परेश पटेल ने हयाम खान (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अब्दुल कादिर ने उस्मान ख्वाजा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 135 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में अर्जुन राजपूत ने शतक की ओर बढ़ रहे अब्दुल कादिर को अपना शिकार बना लिया। अब्दुल कादिर ने 54 गेंदों में तीन चौके और आठ छक्के लगाते हुए 80 रन बनाये। 37वें ओवर में पटेल ने शतक बना चुके उस्मान ख्वाजा (107) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ने अपनी पारी में 111 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और तीन छक्के लगाये। 45वें ओवर में फरहान यूसफ (63) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिरी ओवरों में गेदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के बल्लेबाजों को लगातार आउट कर भारत की मैच में वापसी कराई। पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 337 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से काव्य परेश पटेल ने चार विकेट लिये। चिगुरपति वेंकटा को तीन विकेट मिले। अर्जुन राजपूत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026

AIR-603 (GEN-EWS)
PANKAJ SHARMA
S/o Ravataram Sharma
CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-901 (OBC)
MRIDUL VERMA
S/o Sanjay Verma
CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-2683 (GEN-EWS)
SUBHAM BOTHRA
S/o Pramod Kumar Bothra
CLASSROOM STUDENT 2026

218 विद्यार्थी 90% से ऊपर
वर्ष 2020 एवं 2026 में
2 बार राजस्थान टॉपर के साथ
IIT Advanced में सलेक्शन

1st RAJASTHAN TOPPER
500/500
Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100
Bhagirath
भारती निकेतन के लाल का कमाल
100.00%

4th STATE MERIT XII Sci. 99.00% Shubham Bothra
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Licchman Bhari
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Mukesh Singh
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Rohit
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Sunita
8th STATE MERIT XII ARTS 98.20% Garima Meena
9th STATE MERIT X 98.17% Vasudev Swami

यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers
70144-44381

राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन के विकास को लेकर अहम बैठक- प्रदेश में रोजगार

सृजन एवं राजस्व अर्जन का केन्द्र बन रहा राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन प्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने के साथ ही रोजगार सृजन एवं राजस्व अर्जन का प्रमुख केन्द्र बन रहा है। इस क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल आधारित अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए तथा पेट्रोकेमिकल उत्पादों का निर्माण एवं उनका उपयोग प्रदेश में ही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से औद्योगिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिल रही है। पेट्रोकेमिकल जोन के सुनियोजित विकास से प्रदेश में निवेश के और नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन के विकास, औद्योगिक निवेश एवं उपलब्ध संभावनाओं के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जोन के विकास से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए इसे निवेशकों के लिए आकर्षक औद्योगिक गंतव्य के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक भूखंडों का आवंटन केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आवंटित भूखंडों पर निर्धारित समयावधि में वास्तविक औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ होना भी सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश-

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया आगामी तीन माह में अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। आवंटन प्राप्त करने के छह माह के भीतर औद्योगिक इकाई की स्थापना एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शेष उपलब्ध भूखंडों का आवंटन शीघ्र नीलामी के माध्यम से करने तथा पूर्व में भूखंड आवंटित होने के बावजूद औद्योगिक गतिविधियां प्रारंभ नहीं करने वाले आवंटियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भूमि का उपयोग वास्तविक उत्पादन गतिविधियों के लिए हो तथा निवेश के नाम पर भूखंडों का अनावश्यक रूप से उपयोग लंबित नहीं रखा जाए।

स्थानीय स्तर पर उत्पादन हो सुनिश्चित-

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोकेमिकल जोन का विकास इस दृष्टि से किया जाए कि रिफाइनरी से प्राप्त होने वाले उत्पादों का उपयोग प्रदेश में ही विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जा सके। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ ही उद्योगों की लागत एवं आपूर्ति व्यवस्था को भी बेहतर बनाने की संभावनाएं विकसित होंगी। उन्होंने सीमेंट, पाइप सहित विभिन्न उत्पादों के निर्माण में पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उपयोग की संभावनाओं का आकलन करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रदेश में इन उत्पादों की वर्तमान मांग, उपभोग एवं भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं का विस्तृत अध्ययन करवाने पर जोर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में पहले से कार्यरत उद्यमियों एवं संबंधित औद्योगिक इकाइयों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इन बैठकों में उद्यमियों की आवश्यकताओं, मांगों एवं सुझावों पर विचार कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि स्थानीय उद्योगों को जोन से जोड़कर मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित किया जा सके।

निवेशकों की बैठक आयोजित कर आकर्षित करें निवेश-

मुख्यमंत्री ने बालोतरा में निवेशकों की बैठक आयोजित कर राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने तथा स्थानीय स्तर पर औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों को रिफाइनरी से उपलब्ध होने वाले बाय-प्रोडक्ट्स का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए रिफाइनरी अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने वाले निवेशकों को रिफाइनरी के बाय-प्रोडक्ट्स रियायती दरों पर उपलब्ध करवाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निवेश प्रोत्साहन योजनाओं का हों प्रभावी क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने निवेशकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के लिए समय-समय पर निवेश सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना एवं प्लग एंड प्ले सहित अन्य निवेश संवर्धन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिकाधिक निवेशकों एवं उद्यमियों तक पहुंचे तथा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में आने वाली कठिनाइयों का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन का विकास प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना, स्थानीय स्तर पर उत्पादन, निवेश विस्तार और रोजगार के नए अवसरों के सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा सहित निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम, उद्योग विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



मोदी को सत्य, अहिंसा और प्रेम के रास्ते हरायेंगे : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस श्री मोदी को सत्य, अहिंसा और प्रेम के रास्ते पर चलकर सत्ता से बेदखल करेगी। श्री गांधी ने शनिवार को यहां %भारत शिखर% सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक छोटा समूह ऐसा है जो सब कुछ जानने और समझने का दावा करता है तथा खुद को भगवान समझता है। राजनीति में ऐसे लोगों को फासीवादी कहा जाता है जबकि बहुसंख्यक लोग जिज्ञासु होते हैं, सवाल पूछते हैं, दूसरों की बात सुनते हैं और विनम्र बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में देश ने चुनाव प्रचार का बिल्कुल नया रूप देखा जिसमें राजनीतिक व्यवस्था में करोड़ों डॉलर लगाये गये और चुनाव प्रचार एक ऐसे तमाशे में बदल गया, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। उनके अनुसार धीरे-धीरे भारत में लोकतंत्र की स्थिति लगातार बिगड़ती गयी और अब देश में लोकतंत्र नहीं रह गया है। उन्होंने सवाल किया कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 14 करोड़ लोगों को गैर-मौजूद या गैर-मतदाता घोषित किया गया और 13 प्रतिशत मतदाताओं को अवैध करार दिया गया तो उस चुनाव को वैध कैसे माना जा सकता है। श्री गांधी ने राजनीति और कारोबार के गठजोड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने से पहले एक कारोबारी दुनिया के अमीरों की सूची में 600वें स्थान पर था और कुछ महीने पहले दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बन गया। उन्होंने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी और श्री मोदी के बीच की रेखा मिट चुकी है तथा हवाई अड्डों, बंदरगाहों, पुलों, सीमेंट, रक्षा और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अडानी का प्रभाव बढ़ा है। उनका कहना था कि एक दशक में भाजपा की संपत्ति 11 गुना बढ़ गयी है, जिससे वह आर्थिक रूप से बेहद ताकतवर हो गयी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के जरिए लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया, क्योंकि मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना पर्याप्त नहीं था। उन्होंने कहा कि संस्थानों और धन पर चाहे किसी का कितना भी नियंत्रण हो, भारत के लोगों से सीधा जुड़ाव उससे कहीं अधिक ताकतवर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि अतीत और भविष्य की भी है। पार्टी ने स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के लिए संघर्ष किया है तथा उसकी जड़ें भारतीय परंपरा, इतिहास और संस्कृति में हैं। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के जिन दो हथियारों का इस्तेमाल किया, वे आज भी प्रासंगिक हैं। झूठ, गुस्से, नफरत, हिंसा और डर से नहीं, बल्कि प्रेम, सत्य और अहिंसा से जीत हासिल की जा सकती है। श्री गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा को नफरत, गुस्से और हिंसा के रास्ते नहीं हराना चाहती। वे अपने सिद्धांतों और मूल्यों के दायरे में रहते हुए प्रेम के साथ लड़ेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री मोदी को हराकर सत्ता से हटाया जायेगा और उनकी हार सत्य, अहिंसा तथा प्रेम के हाथों होगी। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया की साझा धरोहर है और भारत का लोकतांत्रिक बने रहना पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे सभी आर्थिक ढांचे और नफरत की राजनीति के खिलाफ समान लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस चाहती है कि दुनिया के हर हिस्से से फासीवादी ताकतों को सत्ता से बाहर किया जाये। तेलंगाना सरकार की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में लोकतंत्र, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें करीब 70 देशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401